अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 1 अप्रैल 2019

PAGE NO 8 : MIDDLE RIGHT

लाइव सर्जरी के साथ फेलोशिप कोर्स का समापन

बरेली। एसआरएमएस में चल रही लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के फेलोशिप कोर्स का रविवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर सर्जन को वीडियो द्वारा लाइव सर्जरी दिखाई गई, जिसमें हर्निया के ऑपरेशन की नवीनतम तकनीकों को दर्शाया गया। इस दौरान सर्जन ने अपने-अपने प्रश्न भी किए व सर्जरी के विभिन्न आयामों और जटिलताओं पर चर्चा की। लाइव प्रसारण के दौरान एकेल्शिया नामक गंभीर बीमारी की सर्जरी लाइव दिखाई गई। बताया कि यह ग्रास नली की बीमारी होती है, जिससे खाना गले में नीचे की ओर नहीं जाता। इसमें दवाइयां कारगर साबित नहीं होतीं, तब सर्जरी ही विकल्प बचता है। इन सभी ऑपरेशनों को गुरुग्राम से आई वरिष्ठ महिला सर्जन डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. संदीप कुमार पोपट ने करके डॉक्टरों को दिखाया। ब्यूरो